**विधान परिषद् के प्रथम सत्र, 2023 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न सं0-28 का उत्तर-**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 28 (क) क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जनपद गाजीपुर में सैदपुर से शादियाबाद एवं ग्राम धुवार्जन से सैदपुर तक की सड़क का नवीनीकरण कब किया गया है? | जी हाँ। प्रश्नगत मार्ग का अभिलेखीय नाम सैदपुर भितरी धुवार्जन शादियाबाद मार्ग है, जिसकी कुल लम्बाई 23.940 कि0मी0 है। यह मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत 2016 में निर्मित किया गया है एवं 05 वर्ष के अनुरक्षणावधि उपरान्त अप्रैल 2021 में प्रान्तीय खण्ड को हस्तान्तरित किया गया। खण्ड को हस्तान्तरित करने के उपरान्त अभी तक नवीनीकरण कार्य नहीं कराया गया है। |
| (ख) क्या उक्त सड़क जर्जर होने के कारण राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है? | जी नहीं। मार्ग के क्षतिग्रस्त भाग की मरम्मत कर उसे यातायात के लिए सुगम किया जाता है। मार्ग के मरम्मत एवं नवीनीकरण हेतु शासनादेश दिनांक 07 दिसम्बर 2022 द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है। कार्य पूर्ति अप्रैल 2023 तक संभावित है। |
| (ग) यदि हाँ, तो उक्त जर्जर सड़क का नवीनीकरण करायेंगे? | उपर्युक्तानुसार। |
| (ग) यदि हाँ, तो कब तक? | उपर्युक्तानुसार। |

**बृजेश सिंह**
**राज्य मंत्री,**
**लोक निर्माण विभाग।**

E-new folder/niam_prashn/question-Ans 1 satra 2021